


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

ग्वालियर वर्ष: 03 अंक: 14 | ग्वालियर, मंगलवार, 14 जनवरी 2020 | पृष्ठ: 08 - मूल्य 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### जेपी नड्डा से मिले डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, दिल्ली चुनाव को लेकर की चर्चा

**पानीपत।** हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला रविवार को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा से दिल्ली में मिले। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह चर्चा दिल्ली चुनाव में भाजपा और जजपा के गठबंधन को लेकर की गई है। जजपा का हरियाणा में भाजपा से गठबंधन है, वे बाहरी दिल्ली में भी कुछ सीटों पर भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहते हैं। हालांकि जजपा ने दिल्ली में चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है और मैनिफेस्टो कमेटी भी गठित कर दी है। गौरतलब है कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला समेत जजपा के अधिकतर नेता इस समय दिल्ली में डेरा जमाए हुए हैं। चर्चा है कि जजपा हरियाणा से सटी करीब 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दुष्यंत चौटाला ने जेपी नड्डा से मुलाकात कर अब गठबंधन की गेंद भाजपा के पाले में डाल दी है।

**सतना जिले के कोनैता गांव में टीका लगने से 2 बच्चों की मौत**–सतना के जैतवारा थाना क्षेत्र के कोनैता गांव में टीका लगने के बाद 2 बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गांव के ही आंगनवाड़ी में 11 जनवरी को टीके लगाए गए थे। टीके के बाद सभी बच्चे बीमार हो गए, जिसमें से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद बच्चों के परिजनों में भारी आक्रोश है।

**इंदौर रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मियों ने किया काम बंद**–कल ही रेल मंत्री पीयूष गोयल इंदौर में थे और आज इंदौर रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी। बताया जा रहा है कि यहां सफाई का ठेका प्राइवेट कंपनी क्रॉम्पटन ग्रुप को दिया गया है। कंपनी ने कर्मचारियों को सैलरी नहीं दी थी, जिसके बाद कर्मचारियों ने आज हड़ताल कर दी। रेलवे अधिकारियों के समझाने पर वे वापस काम पर लौट आए और ट्रेनों में सफाई का काम शुरू कर दिया। रेलवे के मुताबिक करीब एक घंटे तक काम बंद था, इस दौरान कोई भी ट्रेन में सफाई कार्य प्रभावित नहीं हुआ है।

### ट्रॉली को टक्कर मारकर पलटी पिकअप में लगी आग, चालक जिंदा जला

**कोटपूतली (जयपुर)।** जयपुर जिले के कोटपूतली में सोमवार को पिकअप और बजरी से भरी ट्रॉली में हुई भिड़ंत में चालक जिंदा जल गया। फायरबिग्रेड ने आग पर काबू पाया। हादसे से हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने पिकअप को हाइवे से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सब्जी से भरी पिकअप दिल्ली की ओर जा रही थी। एक बजरी से भरी ट्रॉली भी दिल्ली की ओर जा रही थी। जयपुर–दिल्ली नेशनल हाईवे पर सांगटेडा गांव के पास पिकअप ने ट्रॉली को ओवरटेक करने की कोशिश की। पिकअप अनियंत्रित हो गई और ट्रॉली को टक्कर मारने के बाद डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। रगड़ खाने से उसमें आग लग गई। पिकअप ड्राइवर की ओर से पलटी जिससे वह उसमें फंस गया। ड्राइवर बाहर नहीं आ पाया और देखते ही देखते गाड़ी आग की लपटों में

## पीएम मोदी खुद पांच आलोचक चुनकर CAA पर दें जवाब: चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर अपने आलोचकों से बात नहीं करते। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री अपनी सहूलियत से पांच आलोचकों को चुनें और उनके साथ टीवी पर सवाल-जवाब कार्यक्रम में हिस्सा लें, ताकि लोगों को कानून के बारे में राय कायम करने में मदद मिल सके। चिदंबरम ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने कुछ प्रमुख आलोचकों के सवालों का



जवाब देने चाहिए ताकि लोग इस कानून को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकें। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि सीएए नागरिकता लेने के लिए नहीं, बल्कि देने के लिए है।

उन्होंने कहा कि बहुत लोगों का मानना है कि सीएए, एनपीआर और एनआरसी से जुड़ा हुआ है तथा यह बहुत लोगों को गैर नागरिक घोषित कर देगा और उनकी नागरिकता छीन लेगा। हम चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मीडिया के जरिए मुखातिब हों और उनके सवालों के जवाब दें। टेलीविजन पर सवाल-जवाब हो। लोगों को चर्चा सुनने दें और सीएए पर निष्कर्ष तक पहुंचने दें।

## बिहार : लुटेरों का तांडव, 10 घंटे में 4 लूटकी घटनाओं को दिया अंजाम

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली में सोमवार को अपराधियों ने दिनभर तांडव मचाए रखा। सुबह के पांच बजे से दोपहर के तीन बजे तक 10 घंटे में अपराधियों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में चार लूट की घटनाओं को अंजाम दिया। इन घटनाओं में 21 लाख रुपये अपराधियों ने लूटे हैं। सोमवार को सबसे पहले अपराधियों ने हाजीपुर-पटना मुख्यमार्ग पर स्थित औद्योगिक थाना क्षेत्र के जढुआ में ओम साईं पेट्रोल पंप पर सवा पांच बजे धावा बोला। दो बाइक पर सवार चार अपराधी पहुंचे और पेट्रोल पंप के कर्मियों को बंधक बनाकर बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद एक कर्मी को लेकर कैश रूम में पहुंचे और लूट की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान अपराधियों ने सात राउंड फायरिंग की और लगभग 03 लाख 4000 रुपये लूटकर फरार हो गए। घटना कि सूचना पर सदर एसडीपीओ पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू की। लुटेरे लॉकर नहीं खोल सके। पेट्रोल पंप लूट की वारदात के लगभग पांच घंटे बाद अपराधियों ने इससे बड़ी लूट की घटना को अंजाम दे दिया। इस बार घटना नगर थाना क्षेत्र के हथसारगंज में हुई। आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर लगभग 13 लाख 90 हजार रुपये लूट लिए और आसानी से फरार हो गए। इसके पहले भी इस कंपनी की इसी शाखा से पिछले साल 15 लाख रुपए की लूट की घटना को अपराधी अंजाम दे चुके हैं। घटना कि सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष और सदर एसडीपीओ राघव दयाल ने मामले की जांच में जुटे ही थे कि बेलसर ओपी और लालगंज थाना क्षेत्र में दो जगह लूट की घटनाएं हो गईं। बेलसर के महामूर्ति चौक के पास फ्लिपकार्ट कंपनी के कर्मी से 15 हजार कैश, लगभग एक लाख का सामान और बाइक लूट ली गई। इसी के कुछ देर बाद लालगंज थाना क्षेत्र के मानपुर चौक के पास स्थित बैंक आफ इंडिया के सीएसपी केन्द्र से हथियारबंद अपराधियों ने लगभग दो लाख रुपये लूट लिए और आसानी से फरार हो गए। लूट की लगातार घटनाओं से पुलिस परेशान दिखी। गौरव मंगला, एसपी, वैशाली ने बताया कि रणनीति बनाकर अपराध नियंत्रण के लिए काम पुलिस करने वाली है। कई महीनों से वैशाली में आपराधिक घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन हमलोग इसके निवारण के लिए काम कर रहे हैं, जो अपराधी इन घटनाओं में शामिल हैं, उनकी गिरफ्तारी की जा रही है।

सही समझ के लिए दीपिका पादुकोण को

## मुझ जैसा कोई सलाहकार रख लेना चाहिए: रामदेव

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** योग गुरु रामदेव ने सोमवार को कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों की सही समझ% हासिल करने के लिए बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को उन जैसा कोई सलाहकार रख लेना चाहिए। रामदेव का यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में हाल में हुए हमले के बाद वहां जाने को लेकर 34 वर्षीय अभिनेत्री को दक्षिणपंथी संगठनों और भाजपा नेताओं की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

रामदेव ने संवाददाताओं से कहा, दीपिका में अभिनय की दृष्टि से कुशलता होना अलग बात है। लेकिन सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों का ज्ञान हासिल करने के लिये उन्हें देश के बारे में और पढ़ना-समझना पड़ेगा। यह समझ हासिल करने के बाद ही उन्हें बड़े निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि दीपिका पादुकोण को स्वामी रामदेव जैसा कोई सलाहकार रख लेना चाहिए जो उन्हें ऐसे मुद्दों पर सही बात बता सके। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का जोरदार समर्थन करते हुए रामदेव ने कहा, जिन लोगों को सीएए का फुल फॉर्म तक नहीं पता है, वे आज इस विषय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



लिये अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री खुद कह चुके हैं कि यह कानून किसी व्यक्ति की नागरिकता छीनने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकता देने के लिये बनाया गया है। फिर भी लोग आग लगाये जा रहे हैं। योग गुरु ने कहा, कुछ लोग एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) के नाम पर अराजकता फैला रहे हैं। वे जिन्ना वाली आजादी के नारे तक लगा रहे हैं। अब जिन्ना वाली आजादी का नारा कहां से आ गया? ऐसे विरोध प्रदर्शनों से देश और इसके संस्थानों की छवि खराब होती है। रामदेव ने यह दावा भी किया कि भारत में दो से ढाई करोड़ लोग अवैध तौर पर रह रहे हैं। उन्होंने कहा, दुनिया के किसी भी देश को डम्पिंग यार्ड की तरह इस्तेमाल किये जाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। भारत में एक भी अवैध नागरिक नहीं रहना चाहिये। अगर एनआरसी विरोधियों के पास इस प्रस्तावित प्रक्रिया का कोई विकल्प हो, तो वे बतायें। हिंदुत्व की राजनीतिक विचारधारा के जनक कहे जाने वाले विनायक दामोदर सावरकर से जुड़े सवाल पर योग गुरु ने कहा, भारत की आजादी की लड़ाई वीर सावरकर के बिना अधूरी है। किसी व्यक्ति की एक-दो बातों को लेकर उसके पूरे चरित्र पर लांछन लगा देना बेहद ओछी हरकत है।

## JP नड्डा हो सकते हैं बीजेपी के अगले पूर्णकालिक अध्यक्ष, लेंगे अमित शाह की जगह



**नई दिल्ली।** भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा अगले हफ्ते तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह की जगह पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। सूत्रों ने न्यूज एजेंसी भाषा को सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सारिणी जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि नड्डा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होंगे। इस मामले में औपचारिक घोषणा 20 जनवरी को की जाएगी। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में मौजूदा अध्यक्ष अमित शाह को गृहमंत्री बनाया गया और जुलाई में नड्डा को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। पिछले साल हुए आम चुनाव में नड्डा को राजनीतिक रूप से अहम उत्तरप्रदेश में भाजपा का चुनावी प्रभारी बनाया गया था जहां पर समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के महागठबंधन की वजह से पार्टी को कड़ी चुनौती मिल रही थी। भाजपा को लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में 62 पर जीत मिली। आमचुनाव में भाजपा के लिए अहम राज्यों की जिम्मेदारी संभालने के अलावा मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में नड्डा मंत्री थे। वह भाजपा के सर्वोच्च निर्णय निकाय संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं।

राहुल गांधी का केन्द्र सरकार पर हमला

## नहीं की जाती रोजगार पर बात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अर्थव्यवस्था और सीएए जैसे मुद्दों पर विपक्षी दलों की बैठक के बाद केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र सरकार मुद्दों से लोगों को ध्यान भटका रही है। राहुल ने केन्द्र पर अपने हमले को और तेज करते हुए कहा सरकार युवाओं की आवाज को दबा रही है। रोजगार पर बात नहीं की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि खराब अर्थव्यवस्था पर केन्द्र सरकार को जवाब देना चाहिए। इसके साथ ही, राहुल ने कहा कि पीएम मोदी देश के युवाओं से क्यों बात नहीं करते?

गौरतलब है कि सोमवार को कांग्रेस की अगुवाई में विपक्षी दलों की बैठक हुई। इसमें शिवसेना, बीएसपी, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत छह अहम दलों ने खुद को किनारा कर विपक्षी दलों की एकता को झटका दिया। इस बैठक में सिर्फ 20 दलों के नुमाइंदों ने हिस्सा लिया। जिसमें मूल रूप से सीएए और अर्थव्यवस्था पर चर्चा की गई।






## आतंकियों के साथ गिरफ्तार DSP



**नई दिल्ली।** आतंकी नविद बाबा के साथ गिरफ्तार किए गए जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी देविंदर सिंह का वीरता पदक वापस लिया जा सकता है। गृह मंत्रालय को देविंदर सिंह मामले की पूरी जानकारी मिली है। मंत्रालय ने इस मामले में बेहद सख्त रुख अपनाने और मामले की तह तक जाने का निर्देश एजेंसियों को दिया है। गृह मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि पदक वापस लेना सामान्य प्रक्रिया है। ऐसे मामलों में बहुत ही सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। अगर देविंदर सिंह दोषी है तो उसके साथ आतंकियों की तरह ही कार्रवाई होगी। सूत्रों ने कहा कि आईबी, रॉ और सेना की खुफिया टीमें देविंदर से पूछताछ कर रही है। एनआईए भी भी देविंदर


आवश्यकता है

पुष्पांजली राष्ट्रीय मासिक पत्रिका/ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल को भारत के हर राज्य, जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।

इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

देश के सभी प्रदेशों में, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, बिहार, गुजरात, गोवा, झारखंड

कार्यालय: ए-ब्लॉक 404 भाऊ साहब की पोतनिस, इन्क्लेव गुढ़ा रोड भोले का मंदिर ग्वालियर

संपर्क: 7999246560, 8269307478

Email-pushpanjalitoday@gmail.com. Web-www.pushpanjalitoday.com

# इंद्रधनुषी रक्षा कवच के लिए सार्थक पहल

आज़ाद भारत और भारतीयों ने कई युद्ध जीते। इनमें से दो हमेशा याद रखे जाएंगे। एक तो था चेचक (बड़ी माता) के देश से उन्मूलन की लड़ाई और दूसरा पोलियो। इन दोनों के भारत की ज़मीन से खात्मे में सारे देश ने हाथ बंटाया। सवा सौ करोड़ की आबादी वाले और विभिन्न समुदायों, जातियों तथा प्रदेशों के लोगों ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया। हर शहर, हर गांव, हर बस अड्डे, हर रेलवे स्टेशन और हर स्कूल में पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाई गई। कहीं-कहीं प्रतिरोध भी हुए लेकिन यह पूरी तरह से सफल रहा और इसके लिए भारत की जनता को दुनिया भर से बधाइयां मिलीं।

अब एक बार और करोड़ों बच्चों तथा गर्भवती माताओं को रक्षा कवच देने के लिए एक बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। यह है सघन मिशन इंद्रधुनष 2.0 और यह पूरे देश में तीव्रता से चल रहा है। राह में कांटे भी आ रहे हैं लेकिन इसकी रफ्तार बनी हुई है। इसके तहत 12 बीमारियों से बचाने के लिए एक ही टीका इज़ाद किया गया है जो शिशुओं और बच्चों को लगाया जाता है। हालांकि 1985 में इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी लेकिन 2 दिसंबर 2019 से शुरू और मार्च 2020 तक चलने वाले इस अभियान के तहत देश के 28 राज्यों के 271 जिलों में टीकाकरण किया जा रहा है। इसका दायरा 2 करोड़ 67 लाख शिशुओं और 3 करोड़ गर्भवती माताओं तक फैला हुआ है। यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम है और पूरा होने पर देश का नाम एक बार फिर रोशन होगा।

दरअसल, देश में रुटीन टीकाकरण कवरेज धीमा रहा। 2016 में लगभग 38 प्रतिशत बच्चे जिंदगी के पहले वर्ष में मूलभूत टीकाकरण से वंचित रह गए। इसके कई कारण थे लेकिन सबसे बड़ा कारण यह था कि वे घुमंतू तथा दूरदराज के क्षेत्रों में फैले हुए थे। इसके अलावा लोगों में जागरूकता की कमी के कारण भी ऐसा हुआ। ऐसे लोगों में साइड इफेक्ट्स का भय तो था ही, उन्हें टीके के विरोध वाले भ्रामक संदेश भी मिलते रहे थे। लक्ष्य से कम टीकाकरण होने के कारण भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय ने 2014 में मिशन इंद्रधनुष आरंभ किया ताकि अनुपयुक्त, अतिसंवेदशील, प्रतिकार वाले और पहुंच से बाहर बच्चों को लक्षित किया जा सके। यह कार्यक्रम अप्रैल 2015 से जुलाई 2017 तक चला। इस दौरान 2 करोड़ 55 लाख बच्चों और 69 लाख महिलाओं को टीके लगाए गए। इससे पूर्ण टीकाकरण में 6.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी (7.9 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में




और 3.1 प्रतिशत शहरी इलाकों में) हुई। यह कोई आसान काम नहीं था और इसके लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों के साथ लाखों स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की।

2017 के अक्तूबर में भारत के प्रधानमंत्री ने सघन मिशन इंद्रधनुष का लोकार्पण किया ताकि इस महत्वाकांक्षी योजना की गति को तीव्र किया जा सके। इसका लक्ष्य उन जिलों तथा शहरी इलाकों में 90 प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण करने का था जहां इसकी पैठ कम थी। अब इसके मिशन 2.0 की शुरुआत की गई है ताकि देश का कोई बच्चा न छूटने पाए। इसका लक्ष्य है 90 प्रतिशत नवजात शिशुओं का 2020 तक पूर्ण टीकाकरण। इसके लिए बहुत ही आधुनिक तकनीक अपनाई गई है। टीकों की सप्लाई को इलेक्ट्रॉनिक टीका इंटेलीजेंस नेटवर्क और कोल्ड चेन ट्रोकिंग प्रोग्राम से ट्रैक किया जाता रहा और वैकल्पिक टीका डिलीवरी मेकनिज्म से बांटा जाता रहा।

यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। कोशिश है कि इसमें स्लम में, आदिवासी इलाकों में रहने वाले बच्चों के अलावा घुमंतू जातियों के बच्चों को भी शामिल किया जाए ताकि टीकाकरण की इस कड़ी से कोई बच्चा न छूटने पाए। इसके लिए जबरदस्त प्लानिंग की गई और सात सूत्री प्रक्रिया अपनाई गई। इसके लिए गैर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया ताकि इसका दायरा बढ़े और लक्ष्य समय पर पाया जा सके। इसके लिए घर-घर को सूचीबद्ध किया गया और विकेन्द्रीकरण भी किया गया ताकि टीकाकरण की जद में सभी आ जाएं। इस तरह के तमाम प्रयास किए गए हैं कि कोई भी बच्चा छूटने न पाए। यह एक महारथ प्रयास है और इसके लिए केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों के मुलाजिमों के अलावे यूनिसेफ, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और कुछ अन्य संस्थाए भी सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। इन सभी के मिले-जुले प्रयास से यह विशाल अभियान देश भर में चल रहा है।

लेकिन ऐसे मामलों में तरह-तरह की बाधाएं आती हैं। अफवाहें फैलती हैं, सोशल मीडिया पर भ्रामक समाचार या वीडियो अचानक ही राह रोक लेते हैं। सोशल मीडिया अक्सर इस अभियान में खलनायक की भूमिका निभाने लगता है। इससे इसकी गति थमने लगती है। कुछ इलाकों में तो जानबूझकर एक खास समुदाय को भड़काने की कोशिशें की गईं। इसका प्रतिकार करने के लिए अब धार्मिक गुरुओं की भी मदद ली जा रही है। इस तरह के कदमों से कई बार बिगड़ी बात बन जाती है और फिर अभियान तेजी से चलने लगता है। कई मामलों में ऐसा भी हुआ है कि टीका या सूई देने के बाद अचानक ही कोई बालक या बालिका किसी अन्य कारण से मूर्छित हो जाती है तो फिर उसका असर दूसरों पर पड़ता है। ऐसे में कई स्कूलों में तो फिर टीकाकरण करना ही मुश्किल हो जाता है। इस अभियान के लिए जरूरी है कि टीकाकरण के योग्य बच्चे को किसी निर्धारित केन्द्र पर लाया जाए जहां टीकाकरण की सुविधा हो। यह पल्स पोलियो की तरह हर जगह नहीं हो सकता। इसलिए यह थोड़ा कठिन है। बच्चों को ऐसे केन्द्रों पर लाने के लिए उनके मां-बाप को प्रेरित करना एक कठिन प्रक्रिया है लेकिन आशा कार्यकर्ताएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इसे अच्छे से निभा रहे हैं। यह उनके अथक प्रयासों से ही संभव हो रहा है।

स्वस्थ बच्चे हमारे देश के भविष्य के लिए जरूरी हैं। बीमारियों से जीडीपी में कमी आती है और देश पिछड़ता है। इसलिए इस अभियान में देश के हर क्षेत्र के नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। इंद्रधनुष मिशन 2.0 टीकाकरण अभियान में साथ देना हर किसी का कर्तव्य है। इस दिशा में तेजी आ गई है और लक्ष्य ज्यादा दूर नहीं है।

## संपादकीय

### गैरजिम्मेदार ईरान

आखिरकार ईरान अपनी उस गलती को स्वीकार करने के लिए बाध्य हुआ, जिससे वह इनकार कर रहा था। निःसंदेह उसने ऐसा इसीलिए किया, क्योंकि इसके सुबूत सामने आने लगे थे कि यूक्रेन का यात्री विमान उसकी मिसाइल का ही निशाना बना। इस विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 176 लोग सवार थे। इनमें से 80 से अधिक यात्री तो ईरान के ही थे। साफ है कि बदले की आग में जलते ईरान ने उन निर्दोष लोगों की बलि ले ली, जिनका उसके और अमेरिका के बीच जारी टकराव से कहीं कोई लेना-देना नहीं था। यह मानवीय भूल नहीं, वरन अक्षम्य लापरवाही है। भले ही ईरान ने इस यात्री विमान को निशाना बनाए जाने के लिए माफी मांगी हो, लेकिन उसकी ओर से जिस तरह यह कहा गया कि यूक्रेन का विमान कथित तौर पर संवेदनशील क्षेत्र की ओर मुड़ रहा था, उससे यही पता चलता है कि वह अपनी भीषण लापरवाही पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। इस कोशिश को बेनकाब किया जाना चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ईरान ने बेहद गैरजिम्मेदाराना हरकत को अंजाम दिया और फिर उसे मानवीय भूल के आवरण से ढंकने में जुटा। इस तरह के स्पष्टीकरण को हास्यास्पद ही कहा जाएगा कि ईरानी सेना ने दरअसल यात्री विमान को क्रूज मिसाइल समझ लिया। आखिर जिस देश की सेना यात्री विमान और क्रूज मिसाइल में भेद करना न जानती हो उसे परमाणु हथियार से लैस होने की इजाजत कैसे दी जा सकती है? ईरान ने यात्री विमान को निशाना बनाकर तो यही रेखांकित किया कि वह परमाणु हथियार हासिल करने का हकदार बिल्कुल भी नहीं है। बेहतर हो कि ईरान की इस कथित मानवीय भूल का संज्ञान संयुक्त राष्ट्र भी ले। उसे न केवल ईरान को इस हादसे के लिए जवाबदेह बनाना होगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना होगा कि दुनिया के अशांत क्षेत्रों में इस तरह की गफलत न होने पाए। उड्डयन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने ईरान से यह जो सवाल पूछा है कि आखिर जब वह इराक में अमेरिका के सैनिक ठिकानों पर मिसाइल हमले की तैयारी कर रहा था तो फिर उसने अपने हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित करना जरूरी क्यों नहीं समझा, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। किसी भी जिम्मेदार देश से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी सैन्य गतिविधियों को संचालित करते समय यात्री विमानों के सुरक्षित संचालन की चिंता करे और आवश्यक समझे तो उनकी उड़ान पर रोक लगा दे। चूंकि ईरान ने यह बुनियादी काम नहीं किया, इसलिए 176 लोग जान से हाथ धो बैठे। इस त्रासदी के बाद यह जरूरी है कि दुनिया भर की एयरलाइंस और अधिक सतर्क हो जाएं।

### ऊर्जामय पर्व

अब चाहे लोहड़ी हो या फिर मकर संक्रांति अथवा पोंगल, सबका मकसद लोगों को शीतकालीन अवसाद से मुक्ति दिलाकर नई?ऊर्जा का संचार करना ही है। लोकमानस को जाड़े के भय से मुक्त कराने का सार्थक प्रयास है। मूलतः ये खेती-किसानी के पर्व हैं। खेतों में पाले के प्रकोप से मुक्त लहलहाती फसलें हैं। पतझड़ की विदाई और वसंत का स्वागत है। पौष की विदाई और माघ का स्वागत है। मान्यता रही है कि ठंड के प्रकोप से जो बड़े-बूढ़े सुरक्षित बच निकले हैं, उनके लंबे जीवन की कामना का पर्व हैं। वहीं प्रकृति का आभार व्यक्त करना भी मकसद है। हम इन पर्वों में उन्हीं चीजों का सेवन करते हैं, जो मौसम के अनुरूप सेहत की जरूरत भी है। खासकर गुड़-तिल आदि जो हमारी पाचन-शक्ति को बढ़ाते हैं और शरीर में शीत से मुकाबले के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। इसमें अग्निदेव व सूर्य की पूजा करके जीवन में ऊष्मा का संचार करने का आह्वान है। यज्ञ की समिधा की तरह अग्नि देव को रेवड़ी-गजक व मूंगफली की भेंट चढ़ाकर इनका प्रसाद के रूप में सेवन किया जाता है। त्योहारों की सार्थकता सिद्ध करने के मकसद से इनसे लोककथाएं और पौराणिक प्रसंग जोड़े गये हैं जो पर्वों का उत्साह दुगना करते हैं। सामाजिकता का विस्तार और जीवन में नई ऊर्जा व ?ऊष्मा का संचार हो ताकि वह जड़ता खत्म हो जो शीत ऋतु ने हमारे जीवन में भर दी है। इन पर्वों में प्रकृति, हमारे सहचर पशुओं-पक्षियों, अग्नि देव और सूर्य के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी भाव है। इस मौसम में प्रकृति अपना आवरण बदल रही होती है। वृक्ष पर नये पत्ते और फूल खिलने लगते हैं। खेतों में सरसों की खिली फसल हमारे मन को मुदित करती है। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह परिवर्तनकाल है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य देव उत्तरायण होते है। इस दिन से शुभकाल की भी शुरुआत होती है। गीता में उल्लेख मिलता है कि उत्तरायण में प्राण त्यागने वालों को सीधे मोक्ष मिलता है। पौराणिक कथाओं में इस बात का उल्लेख मिलता कि सरशैया पर लेटे भीष्म पितामाह ने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की?थी। मकर संक्रांति पर इलाहाबाद के संगम और गंगा सागर में स्नान का विशेष महत्व है। यूं तो हरिद्वार समेत कई पवित्र नदियों में स्नान की परंपरा है। यानी जाड़े के भय से मुक्त करने का प्रयास भी है।

# जीवन दृष्टि-दिशा भी बदल सकती है ईर्ष्या

**दिनेश चमोला 'शैलेश'**

जिस प्रकार एक सुंदर चरागाह अथवा जड़ी-बूटी के उद्यान में उपयोगी, खिलखिलाती हरी-हरी व पौष्टिक घास के साथ-साथ विषाक्त व जंगली जड़ी बूटियां भी उगी रहती हैं, उसी प्रकार मानव मन रूपी क्यारी में अच्छे के साथ-साथ कई-कई बुरे भाव भी सहज रूप में उग आते हैं। बहुत बार ज्ञान के अभाव में किसी बात अथवा भाव को हम बुरा सोच-सोच कर अथवा मान-मानकर और अत्यधिक बुरा बना डालते हैं।

वस्तुतः प्रकृति ने संसार अथवा मानव मन की हर वस्तु, पदार्थ व भाव को बहुप्रयोजनी तथा बहुउद्देशीय बनाया है। मानव विशेष की योग्यता, क्षमता, कौशल व ज्ञान-दोहन क्षमता पर यह बात निर्भर करती है कि किसी भी भाव, विचार व वस्तु रूपी दुग्धकोशी-कामधेनु से कितनी कुशलता से वह कितना पयपान करा सकता है। जो अग्नि किसी के चहकते-महकते आनंदरूपी उद्यान को धू-धू कर जला सकती है, वही अग्नि यज्ञ की समिधा के रूप में वेद-ऋचाओं की आधारशिला बन किसी के जड़ व अज्ञानता के



हृदय अथवा मानस में भक्ति अथवा अध्यात्म की निर्झरिणी प्रवाहित कर रुखे-सूखे जीवन को भक्ति की मंदाकिनी में भी बदलने की सामर्थ्य भी रखती है। ऐसा ही एक सशक्त भाव मनुष्य को प्रभु से ईर्ष्या के रूप में मिला है।

सामान्य रूप में ईर्ष्या मानव के मन में पनपने वाला, असमर्थता का वह भाव है जो दूसरे की उन्नति व उपलब्धि के कारण अपनी हीन भावना के कारण स्वयं में पैदा होता है। वह व्यक्ति किसी न किसी रूप में स्वयं को उनकी तुलना में अयोग्य, अक्षम व कमतर पाता है व स्वयं वैसा न कर पाने या न बन सकने के कारण ईर्ष्या की चपेट में आकर अपना चैन-अमन अव्यवस्थित कर देता है। ईर्ष्या जहां मन को कुंठित कर प्रगति में स्वयं का मार्ग अवरुद्ध कराती है, वहीं कई प्रकार की मानसिक व शारीरिक बीमारियों को जन्म दे उसे रुग्ण भी बना देती है। लेकिन ईर्ष्या केवल विनाश का ही कारण हो, यह जरूरी नहीं है। इसका सकारात्मक प्रयोग जीवन की दिशा व दृष्टि दोनों ही बदल सकता है।

हॉवर्ड मेडिकल स्कूल में हुई खोजों के अनुसार जीवन में 80 प्रतिशत बीमारियां तनाव से होती हैं। मूल रूप में ईर्ष्या ही तनाव की जन्मदात्री है। प्रसिद्ध तनाव राहत विशेषज्ञ लॉरेन ई. मिल्लर का मानना है कि ईर्ष्या से तनाव पैदा होता हैज्और तनाव की सीढ़ियां चढ़, रोग, शरीर से मष्तिष्क तक को अपनी चपेट में ले लेता है। दिनभर की कई शारीरिक क्रियाएं व घटनायें तनावी हार्मोनों को तेजी से बढ़ा सकती हैं, जिससे उच्च रक्तचाप के साथ-साथ शरीर में कई गड़बड़ियां तुरंत अपना असर दिखाने लग जाती हैं। इस बात का खुलासा मिल्लर ने अपनी चौथी पुस्तक '99 थिंग्स यू विश टू नो बिफोर स्ट्रेसिंग आउट' में खुलकर किया है।

सही मायने में ईर्ष्या, विष व अमृत दोनों ही है। यह हमारी उस बात पर निर्भर करता है कि हम उसका सेवन किस रूप में करते हैं? यदि हम विष रूप में इसका प्रयोग करते हैं तो यह हमारी प्रगति के साथ-साथ हृदय, मष्तिष्क व मनोवैज्ञानिक दृष्टि से पंगुकर हमें कहीं का भी नहीं छोड़ती। लेकिन यदि अमृत रूप में करें तो यह छोटा सा जीवन उपलब्धियों का गुलदस्ता बन स्मरणीय भी हो सकता है।

जेसिका स्टिलमेन ने अपनी पुस्तक '5 स्टेप्स टू स्टॉप बीइंग जेल्स ऑव सम वन्स सक्सेस' में इन शक्तियों व कमियों को व्यापक दृष्टि से विश्लेषित कर किया है। इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि ईर्ष्या के बिना, मानव जीवन बिना रीढ़ की तरह है। यदि हममें किन्हीं बड़े लोगों की प्रगति, उपलब्धि अथवा विलक्षणता को देख बड़े बनने, बड़े होने या बड़े सपने देखने की ईर्ष्यात्मक ललक पैदा नहीं होती तो हम इस दुनिया में कुछ नहीं कर सकते। कुछ कर या पाकर सफलता की सीढ़ियां चढ़ना हमें गर्वित कर स्वाभिमानी बनाता है। ईर्ष्या जलाने का नहीं, बल्कि सही दिशा में स्वयं के दुर्लभ ज्ञानदीप को जलाकर अपने उद्देश्य में सफल हो स्वयं आगे बढ़, दूसरों को भी आग बढ़ाने की प्रेरणा देने का नाम है।

बहुचर्चित ईर्ष्या विश्लेषक लिंडा बेवान ने अपनी पुस्तक 'लाइफ विदाउट जैलसी' के दस अध्यायों में इसका गहन विश्लेषण कर सकारात्मक ईर्ष्या को जीवन की ऊर्जा का सर्वथा सशक्त कैप्सूल माना है। इसके व्यावहारिक व उपयुक्त सेवन से कोई भी अपनी आकांक्षाओं, कामनाओं व सपनों के माउंट एवरेस्ट पर फतह हासिल कर सकता है।

ईर्ष्या की सही आग में जलोज और अपने शत्रु के षड्यंत्रकारी किले ध्वस्त कर स्वयं उपलब्धियों का सरताज पहन सफलता के शहंशाह बन जाओ।

# बिछने लगी विधानसभा के लिए सियासी बिसात

**आशीष व्यास**

मध्य प्रदेश के माथे पर सातवीं बार कृषि-कर्मण का तिलक लग गया है। इससे यह पुनः साबित-स्थापित हो गया है कि हमारे प्रदेश में अपने साथ-साथ देश के करोड़ों लोगों का पेट भरने का भी माद्दा है। परंपरागत तरीकों के साथ आधुनिक ढंग से खेती में अपनी पहचान बना रहे मध्य प्रदेश के पास आत्ममुग्धता का यह बड़ा अवसर है। प्रदेश इस बात पर भी गर्व कर सकता है कि एक ही क्षेत्र में लगातार पुरस्कार प्राप्त कर, वह अब मिसाल के रूप में सामने आने लगा है। लेकिन, मध्य प्रदेश अपने खेत-खलिहान में जो कर रहा है, जितना कर रहा है, क्या वह पर्याप्त है? या फिर, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले प्रदेश को बेहतर भविष्य के लिए अब नई तकनीकों को जमीन पर उतारना चाहिए।

ईसा से लगभग 3000 साल पहले। विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक थी- सुमेरियन सभ्यता। इस दौर में पकी मिट्टी से बने हंसिए के आकार के औजार थे। इस आधार पर माना जाता है कि इंसान तब खेती करने लगा था और फसल काटने के लिए औजार बनाने की तकनीक भी खोज चुका था। उस पौराणिक युग में शुरू हुई यह पड़ताल आज तक जारी है। अब ऐसी मशीन तलाशने पर शोध हो रहा है, जो ऊपरवाले के भरोसे होने वाली खेती को नया आयाम दे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर पूर्वानुमान लगाया जा सके और 100 फीसदी तक उत्पादन देने वाली स्वचालित मशीनें हमारी मददगार बनें। देश-दुनिया में ऐसे कई बड़े प्रयोग चल भी रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा खतरा खाद्यान्न संकट का है। वैज्ञानिक मान्यता है कि विश्व के 90 प्रतिशत जंगली पौधे और 30 फीसदी फसलें मधुमक्खियों, कीट-पतंगों द्वारा किए गए परागण से पनपती हैं। अमेरिका में 700 से ज्यादा मधुमक्खियों की प्रजातियों पर संकट आ गया है। मधुमक्खियां फसलों में परागण का सबसे मुख्य जरिया हैं। इस कमी को पूरा करने के लिए अब ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिस तरह से मधुमक्खियों-कीटों के पैरों और पंखों में लगे पराग कण दूसरे फूल, पौधों में पहुंचकर नए फूल, फल और बीजों को जन्म देते हैं। उसी तरह ड्रोन में एक खास किस्म का जेल (चिपचिपा पदार्थ) लगाया जाएगा। जिसकी मदद से पराग कण ड्रोन के पैरों में चिपक जाएंगे। इसके बाद उन्हें पौधों पर गिराया जाएगा, इससे पूरे खेत में लगे फूल-पौधों पर पराग कण गिरने से परागण की क्रिया पूरी हो जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है - भारत में स्थिति विकट नहीं है लेकिन बड़ी आबादी वाला देश होने से हमें पारंपरिक तरीकों के साथ ऐसी सभी तकनीकों से लैस होना चाहिए, जो फसल उत्पादन की क्षमता बढ़ा सकती हो। ड्राइवर रहित कार, ट्रेन के बारे में तो खूब चर्चाएं होती हैं, लेकिन अब खेतों में भी ड्राइवर रहित ट्रैक्टर दौड़ रहे हैं। विदेश में व्यवहार में आ चुकी इस तकनीक के जरिए निंदाई, गुड़ाई, बुवाई से लेकर फसल कटाई तक की जा रही है। इसके माध्यम से अनजाने या गलती से किसानों द्वारा अनावश्यक रूप से डाले जाने वाले ज्यादा उर्वरक की आशंका भी खत्म हो जाएगी। ऐसी अत्याधुनिक तकनीक फसलों में होने वाले रोगों का पूर्वानुमान भी बता सकती है। ऐसी ही तकनीकी दक्षता का उपयोग कर दुबई ने वर्ष 2030 तक खाद्यान्न में आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य रखा है। मिट्टी और पानी के बगैर खेत की कल्पना नहीं की जा सकती है। लेकिन, अब ऊंची-ऊंची इमारतों या बड़े कमरों के अंदर बगैर मिट्टी के फल-सब्जियां उगाई जा रही हैं। दुबई से लेकर सिंगापुर तक, इस तरह के प्रयोग हो रहे हैं। इसे हाइड्रोपोनिक्स विधि कहा जाता है।

### युवाओ को संदेश

युवाओं तुम्हें जगना होगा
विवेकानंद के सपनों
के पथ पर चलना होगा।
चारों ओर शोर फैला
सडको पर सैलाव उमडा
कौन सच्चा कौन झूठा
सवालो ने घेरा डाला
सब को विश्वास में लाना होगा
युवाओं तुम्हें जगाना होगा।
कर्तव्य और कार्यशैली
ढूँढ रही ईमानदारी
हर नजर तालाश रही
वो विश्वास और साथ
जो वादा किया गया
हर मंच और सभाओ में



वक्त के साथ हर वादा
समय पर निभाना होगा
युवाओं तुम्हें जगाना होगा
न बहकूँगे न बहकने दूँगा
के पथ पर चलना होगा
छिपे गद्दारो को जहन मे
राष्ट्रवाद जगाना होगा
उन्नति के लिए सबको साथ लाना होगा
युवाओं तुम्हें जगना होगा।
कोई बडा नही है कर्तव्यो से
मिलकर काम करो और नेक काम करो
ऊँचे-नीचे का भेद मिटाना होगा
युवाओं तुम्हें जगना होगा।

**आशुतोष**
**पटना बिहार**

# कर सुधार और राहत की उम्मीद में बैठे हैं लोग

केंद्र सरकार को आर्थिक सुधार के लिए जो सुझाव दिए जा रहे हैं, उनमें एक सुझाव यह भी है कि राजकोषीय चिंता को दरकिनार कर लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है। इसी दिशा में आयकर राहत भी जरूरी है। इससे उद्योग-कारोबार को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। यह सुझाव नीति आयोग के साथ प्रधानमंत्री की हालिया बैठक में भी सामने आया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी आयकर में राहत देने के लिए सुझाव मिल चुके हैं। यकीनन इस समय देश के वेतनभोगी और मध्यम वर्ग के लोग आयकर राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। आर्थिक सुस्ती के बीच मध्यम वर्ग लगातार आर्थिक परेशानियों का सामना करता रहा है। अब नए वर्ष में जनवरी की शुरुआत में अमेरिका व ईरान के बीच तनाव बढ़ने से जिस तरह पेट्रोल व डीजल की कीमतें बढ़ी हैं, उससे मध्यम वर्ग की आर्थिक मुश्किलें और बढ़ी हैं। ऐसे में आयकर राहत से इस वर्ग के पास जो रुपये बचेंगे, उससे मांग में वृद्धि होगी, आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। यदि हम आयकर संबंधी आंकड़ों का अध्ययन करें, तो पाते हैं कि वेतनभोगियों ने पिछले वित्त वर्ष में औसतन 76,306 रुपये का कर चुकाया था, जबकि पेशेवर और कारोबारी करदाताओं के मामले में यह औसतन 25,753 रुपये था। इतना ही नहीं, वेतनभोगियों का कुल कर संग्रह का आकार पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं द्वारा चुकाए गए कर का करीब तीन गुना था। ऐसे में, विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि वेतनभोगी वर्ग ईमानदारी से आयकर चुकाता है। ऐसे में, वेतनभोगी वर्ग को आयकर में राहत देना न्यायसंगत है। यह जरूरी है कि पांच लाख रुपये तक की आय पर जो मौजूदा कर छूट है, उसे आगे भी जारी रखा जाए। पांच से 10 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर जो मौजूदा 20 फीसदी की दर से आयकर लगता है, उसे घटाकर 10 फीसदी किया जाना चाहिए।





# 14 वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ में रीवा में चंबल डिवीजन को हराया

**दबोह(मोहित गोस्वामी)।** लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह के पिता स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में 14 वाँ अंतराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट का महाकुंभ 13 जनबरी से 19 जनबरी तक दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेला जा रहा है।कार्यक्रम में पहले दिन मप्र शासन के ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह मौजूद रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंवढ़ा विधानसभा विधायक कु.घनश्याम सिंह मौजूद रहे साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता युवक कॉग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने की।जिन्होने सर्व प्रथम लहार विधायक के पिता स्व मथुरा सिंह के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर चौधरी एबं सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने खिलाडीयो से परिचय कराया।मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रियब्रत सिंह ने कहा की इस दबोह जैसी जगह पर इतना बडा आयोजन पर मैं समिति को बधाई देता हूँ इस मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति के पदाधिकारियो को जिन्होंने इतना बड़ा आयोजन रखा आजकल हमारे देश के युवाओ में खेल के प्रति रूचि कम होती चली जा रही है आज के बच्चे टीवी व मोबाईल में बिजी रहते हैं हर काम की अति शरीर के लिये हानिकारक होती है हमारे देश की उन्नति का कारण हमारे देश का नौजवान बनेगा क्रिकेट का लगाव सवसे अधिक भारत देश में है।उन्होंने कहा कि अनुरुद्ध प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तावित स्टेडियम के लिये मैं अपने साथी खेल मंत्री जीतू पटवारी से मांग करूँगा और दबोह क्षेत्र बासियो को स्टेडियम की सौगात दूँगा।साथ ही दबोह क्षेत्र के लिये जगदीशपुरा के पास पड़ी जगह में 33 के.वी सव स्टेशन जल्द ही बनाया जायेगा।हमारी सरकार को



केवल एक बर्ष हुआ और मैंने 1 करोड़ 57 हजार लोगो को 100 रूपये प्रति यूनिट पर बिजली उपलब्ध कराई।किसी भी ब्यक्ति की बिजली के तार व् खम्बे से करंट लगने और मौत होने पर हितग्राहि को 4 लाख रूपये देने का काम हमारी सरकार करने जा रही है।भारत उन प्रतिभाओ का देश है यहाँ हर ब्यक्ति को अपना प्रतिभा उजागर करने की स्वतन्त्रता है।साथ ही उन्होंने कहा की लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह ने प्रतिभाशाली खिलाडीयो को क्रिकेट दुनियाँ में आगे आने का पूरा मौका दिया है इसलिये पिछले 13 सालो से दबोह जैसे छोटे कस्वे में अंतराज्जीय क्रिकेट टूनामेंट का सफल आयोजन निश्चित ही मथुरा सिंह फाउंडेशन समिति की सफलता को जाता है।वहीं क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन में पूल ए का पहला मैच रीवा व चम्बल डिवीजन के बीच खेला गया जिसमे रीवा एकादस ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया चम्बल एकादश ने बैटिंग करते हुये 22.3 ऑवर में अपने सारे विकेट खोकर 152 रन बनाये।जिसमे चम्बल डिवीजन की और से हिमांशू ने 39 रन बनाये जिसमे 6 चौके 2 छक्के और सुमित ने 36 रन बनाये जिसमे 2 चौके 1 छक्का लगाया।जवाव में मैदान उतरी रीवा एकादस ने 22.4 ऑवर में 153 रन बनाकर 5 बिकेट से मैच जीत लिया। जिसमे अमित शर्मा ने 58 रन बनाये जिसमे 4 चौके और 4 छक्के लगाये और सौरभ शुक्ला ने 51 रन बनाये जिसमे 4 चौके 1 छक्का लगाया।मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार रीवा कप्तान नवीन को मिला।जिन्होंने गेंद बाजी करते हुये 4 ओवर में 27 रन देकर 4 बिकेट लिये और बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 16 रन बनाये।अंत मे मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार समिति संरक्षक नाजिम खान व् पार्षद सनाउल्ला खान द्वारा प्रदान किया गया।कार्यक्रम के अंत में मंचासीन अथितियों को सोफा व तलबार भेंट की।राहुल रॉय उत्तरप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष,देवासीस जरारिया,धर्मेन्द भदोरिया आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम के उपरांत ऊर्जा मंत्री अपने काफिले के साथ जगदीश पुरा पहुँचे जहां उन्होंने पूर्व बिधायक प्रतिनिधि चौधरी रमाशंकर सिंह जी के निवास पर सुरुचि भोज ग्रहण किया।मैच का आँखों देखा हाल शानदार कॉमेंट्री रामनारायण सर एबं श्यामू राजोरिया,रामू श्रीवास्तव,जीएस कौरव द्वारा की गयी इस मौके पर लाखो दर्शको ने मैच का आनंद लिया कार्यक्रम में आयोजन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह संरक्षक नाजिम खान,सहसचिव दबोह नगर परिषद के अध्यक्ष रूपनारायण खटीक,पार्षद सनाउल्ला खान,अतीक मोहम्मद खान,स्कोरर ईमरान सर,नीरज यादव,पबन कुशबाह ,दिलीप सोनी मौजूद रहे इस अवसर पर मुजीव खान,दिलीप नायक, पंकज शर्मा,विनय बिलैया ,सुनील पाल,राकेश रजक,मुबीन खान आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी सचिव हाकिम चौधरी ने दी।।

# अचंल में तीन अतिशय क्षेत्रों पर होगे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

**भिण्ड,ब्यूरो।** महामृत्युंजय अतिशय क्षेत्र उत्तरप्रदेश–मध्यप्रदेश की सीमा निकटवर्ती नदी के तट पर आचार्य श्री 108 सौभाग्य सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में 27 जनवरी से 2 फरवरी 2020 तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं भव्य जैनेश्वरी दीक्षायें मुनि श्री 108 सुरत्न सागर महाराज के निर्देशन में होने जा रही है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में मनोज जैन ने बताया कि चम्बल नदी के निकट में श्री 1008 अजितनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बरही में गणाचार्य विराग सागर महाराज के ससंघ में लगभग 108 साधु संतों के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है। जैन ने आगे बताया कि श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बरासो में 6 मार्च से 12 मार्च 2020 तक भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य एवं मेंडिटेशन गुरू विहसंत सागर महाराज के निर्देशन में आयोजित होगा इन क्षेत्रों पर होने वाले पंचकल्याणकों में लगभग 108 साधु संतों का आवागमन होगा ऐसे अतिशय क्षेत्र जहां पर चारों ओर भव्य जिनालय में भगवान विराजमान होगे।

# विद्यार्थियों ने घोस वादन के साथ निकाला पथ संचलन



**दतिया ब्यूरो।** सरस्वती शिशु मंदिर भरतगढ़ पर शारीरिक प्रकटोत्सव किया गया युवा दिवस के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्या अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के संभागीय संयोजक विवेक सिरोठिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता मनोज भटनागर और मुख्या वक्त के रूप में प्राचार्य राजेश ल्टिोरिया कहा सीएए के कारण किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं जाने वाली है। यह तो सिर्फ लेगों को नागरिकता देने वाला बिल है। जिसमें पाकिस्तान, बांग्लादेष एवं अफगानिस्तान के हिन्दी, सिख, ईसाई, जैन, पारसी, बौद्ध धर्म के लेगों को धार्मिक रूप से प्रताड़ित किया गया हो उन्हें नागरिकता देगी। शारीरिक कार्यक्रम सौरभ उपाध्याय के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र छात्रों ने सूर्य नमस्कार, सामूहिक समता, सामूहिक व्यायाम, आसन, योग, घोस प्रदर्सन, सामूहिक गीत आदि का प्रदर्सन किया गया इसके बाद सभी विद्यार्थी घोस वादन के साथ पथ संचलन करते हुए किला चौक होते हुए बड़ा बाजार स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की पूजन करके पुनः पथ संचलन के साथ विद्यालय आये कार्यक्रम का सञ्चालन शिवम् ताम्रकार ने किया।

# कनेरा परियोजना के अन्यत्र शिफ्ट करने पर अटेर की जनता में उबाल

**भिण्ड,ब्यूरो।** चंबल की कनेरा उद्वहन सिंचाई परियोजना को क्वारी नदी पर शिफ्ट किये जाने के पुनरक्षित प्रस्ताव पर अटेर क्षेत्र के किसान लामबंद हो गए हैं। इसी कड़ी में जिलामुख्यालय भिण्ड में तहसीलदार पीके गर्ग को मप्र किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव हरिकृष्ण शर्मा (कृष्णा पुरोहित) के नेतृत्व में अटेर क्षेत्र में चंबल नदी पर प्रस्तावित कनेरा उद्वहन सिंचाई परियोजना को क्वारी नदी पर ले जाने के प्रस्ताव के विरोध में अटेर क्षेत्र के कई गांवों से आए किसानों ने तहसीलदार भिंड को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने के द्वारा बताया गया, कि अटेर विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कनेरा उद्वहन सिंचाई परियोजना को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते साल भर सूखी रहने वाली क्वारी नदी पर शिफ्ट करने के लिए 390 करोड़ का पुनरीक्षित प्रस्ताव भेजा गया है जबकि बारिश को छोड़कर शेष महीनों में सूखी पड़ी रहती है। ऐसे में इस नदी पर बांध बनाने का औचित्य समझ से परे है जबकि क्वारी नदी पर हर 8 किलोमीटर पहले से ही स्टाप डैम बने हुए हैं। इस योजना का तीन बार शिलान्यास भी हो चुका है 1984 से लंबित इस योजना के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद हो चुके हैं। ज्ञापन में कहा गया कि सालों से प्रतीक्षारत इस परियोजना के नाम पर विभाग के अधिकारियों ने एक बार फिर से जनता के साथ धोखा करने एवं एवं रकम हड़पने की योजना शुरू कर दी है।



# युवाओं को विवेकानन्द के विचारों का अध्यारान करना चाहिएः सूर्यवंशी

**दतिया ब्यूरो।** स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जिले भर में सम्पन्न हुआ। मुख्य समारोह का स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजन हुआ। जिसमें अपर कलेक्टर विवेक कुमार रघुवंषी के अलवा अन्य विभागों के अधिकारीगण व स्कूली ब%चों एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। सूर्य नमस्कार के तीन चक्र में योगाभ्यास कराया गया। जिले में बड़ी संख्या में लेगों ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। अन्य संस्थाओं में मना युवा दिवसः भाण्डेर डॉ शंकर लल शुक्ल बुंदेली शोध एवं साहित्य संस्थान के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद का जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में युवा दिवस के अवसर पर युवा समन्वयक मानवेन्द्र सिंह यादव को श्रेष्ठ युवा अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्थान के सचिव रवीन्द्र सत्यार्थी नारायण दास वर्मा सहित अन्य लेग उपस्थित रहे। शासकीय उ. उ. माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में युवा दिवस पर आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार के अवसर पर विधायक रक्षा सरोनियाँ जनपद अध्यक्ष जशोदा परिहार सहित अन्य लेग उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद शाखा दतिया ने स्वामी विवेकानन्द का जन्म उत्सव मनाया। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता के रूप में परिषद के पूर्व संरक्षक डॉ.रतन सूर्यवंशी ने कहा कि हम युवा को स्वामी विवेकानन्द के विचारों का अध्ययन करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। चित्रगुप्त मंदिर से युवा कायस्थ ने बाइक रैली षहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई निकाली ।इस दौरान अशोक श्रीवास्तव अध्यक्ष के पी श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश मालेटिया रामेश्वर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। माँ भारती कोचिंग के तत्वावधान में, स्वामी विवेकानंद की जयंती,मनाई गई। इस दौरान समाजसेवी आलेक सोनी ने अपने विचार रखे। धमताल पुरा स्थित आरव कोचिंग क्लसेस पर युवा दिवस छात्रों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री मीना श्रीवास्तव कोचिंग संचालक अक्षेष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से अवगत कराया। भास्कर पब्लिक स्कूल ने युवा दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार



**दबोह(मोहित गोस्वामी)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई।जिसमे राष्ट्रीय युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार किया गया। जिसमे सर्व प्रथम विद्यालय परिवार ने स्वामी विवेकानन्द जी चित्र का पूजन और माल्यार्पण किया उसके बाद ध्वजा फहराया गया।इसी क्रम में विद्यालय की गुरुजनों ने सूर्य नमस्कार कर छात्र छात्राओं को दिखाया फिर सभी छात्र छात्राओं ने गुरुजनों के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार किया।विद्यालय के गुरुजनों ने छात्र छात्राओं को बताया कि आज हम सब 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की 157 वी जयंती मना रहे है और हमें भी स्वामी विवेकानंद जी के बताये हुए कदमो पर चलना चाहिए जिससे हम अपने भारत वर्ष के लिए कुछ कर पाए।उन्होंने कहा कि बच्चों के मानसिक विकाश के लिए बच्चो को महापुरुष के जीवन के वारे में बताना होगा जिससे सभी बच्चे अपने जीवन में उनकी स्मृतियां रखे और उन्ही की तरह समाज मे अपनी जगह स्वमं बनाये जिस तरह स्वामी विवेकानंद जी ने हमारे देश की पुरी दुनिया में एक अलग ही पहचान बनाई स्वामी जी आज करोड़ो युवाओ के आदर्श है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें पढ़ना चाहिए वह बचपन से ही निर्भीक कुशाग्र बुद्धि वाले एवं आध्यात्मिकखोज करने वाले ऐसे व्यक्ति जो एक बार पढ़ने के बाद याद रखने वाले उनसे हमें भैया बहिनों को प्रेरणा लेना चाहिए।

### नागरिकता संशोधन अधिनिराम के समर्थन में

# ‘पूर्व मंत्री मिश्रा व गुना सांसद ने घर घर जाकर किया जनसंपर्क‘

**दतिया ब्यूरो।** रविवार को दतिया विधायक पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, गुना सांसद के पी यादव, संभागीय संगठन मंत्री केशव सिंह भदोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया, भाजपा बडोनी मंडलके द्वारा आयोजित नागरिकता संशोधन अधिनियम कानून के समर्थन में ग्राम गोराघाट और पचौखरा मे घर घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा नागरिकता संसोधन कानून 2019 लागू किया गया है यह कानून देश में रहने वाले किसी भी व्यक्ति के ऊपर लागू नही होता है चाहे वह किसी भी धर्म का अनुयायी का क्यों न हो यह कानून मुख्य रूप से भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान, बांग्लादेश तथा अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, ईसाई तथा पारसी लेगो के हित मे बनाया गया है इस बिल से देश मजबूत होगा धर्म समाज से बढ़कर देश है देश के सभी नागरिकों को इस कानून का समर्थन करना चाहिए। गुना सांसद के पी यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी



के द्वारा 6 महीनों में अपने घोषणा पत्र में किए गए वादे एक-एक करके पूरे किए जा रहे हैं मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों भारत देश को ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं हम सभी नागरिकों को मिलकर मोदी जी का सहयोग करना चाहिए देश विरोधी ताकतें कांग्रेश वामपंथी दल देश में अन्य प्रकार के भ्रम फैला कर देश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं इसके पश्चात संगठन मंत्री केशव सिंह भदोरिया एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण पाठक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आशाराम अहिरवार, राहुल राजा, श्रीमती रीता सतीश यादव, बृजेश यादव, सनत पुजारी, रेशू दांगी, ,रामजी यादव, नाहर सिंह रावत, आकाश भार्गव,सत्यम पंडा, कौशल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे।

# पावनखिंड दौड़ में राष्ट्र निर्माण के लिए दौड़े हजारों लोग

**भिण्ड,ब्यूरो।** पावनखिंड दौड़ के आयोजन का विशाल कार्यक्रम सोमवार की सुबह भिण्ड नगर के निराला रंग बिहार मेला मैदान में संपन्न हुआ। इस अवसर मंचासीन अतिथियों में महाराज श्री 1008 चिलौंगा महंत, महाराज श्री लालता शाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी व प्रचारक अनिल ओक, पावन खिण्ड समिति के संयोजक राजेश कुशवाह मंचासीन रहे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत शौल श्रीफल से पावन खिण्ड आयोजक समिति द्वारा किया गया। मंच संचालन सह संयोजक मनीष ओझा व राधेगोपाल यादव ने संयुक्त रूप से किया तथा आभार सह संयोजक शक्ति पांडेय ने माना।

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

नई सोच नई पहल पुष्पांजली टुडे

1. कलर विज्ञापन रेट:-

| क्र | पेज | रेट |
|---|---|---|
| 1 | पहला पेज | 20,000 |
| 2 | लास्ट पेज | 20,000 |
| 4 | अन्दर का फुल पेज | 15,000 |
| 5 | हाप पेज | 8,000 |
| 6 | चौथाई पेज | 4,000 |
| 7 | अन्दर पेज पर पट्टी | 3,000 |
| 8 | विजीटिंग कार्ड साईज | 2,000 |

2. Black & Withe विज्ञापन रेट :-

| क्र | पेज | रेट |
|---|---|---|
| 1 | फुल पेज | 10,000 |
| 2 | हाप पेज | 6,000 |
| 3 | चौथाई पेज | 3,000 |
| 4 | अन्दर पेज पर पट्टी | 1500 |
| 5 | विजीटिंग कार्ड | 1000 |

3. पेपर विज्ञापन रेट :-

| क्र | पेज | रेट |
|---|---|---|
| 1 | 5 X 9 = 45 स्क.से.मी. | 675 |
| 2 | 9 X 9 = 81 स्क.से.मी. | 1215 |
| 3 | 10 X 20 = 200 स्क.से.मी. | 1,000 |
| 4 | Hap Page | 12,000 |
| 5 | Full Page | 20,000 |

निःशुल्क बच्चे के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि, शोक संदेश, उठावनी

# कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने सोमवार को जिले के मुरार एवं डबरा जनपद पंचायतों के तहत ग्रामीण अंचल में संचालित विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में 6 शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर और एक शिक्षक द्वारा सामान्य जानकारी पूछने पर सही जवाब न देने के कारण निलंबन की कार्रवाई की। जबकि अपने कार्य के प्रति गंभीर न होने वाले तीन शिक्षकों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने और एक अतिथि शिक्षक की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत डबरा के ग्राम गिजौर्रा में प्रसूति योजना के तहत दो हितग्राहियों को योजना का लाभ न मिलने पर सचिव को निलंबित करने एवं जतारा में मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने मुरार जनपद पंचायत के शासकीय माध्यमिक विद्यालय टाकोली के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ पाँच शिक्षकों में प्राथमिक शिक्षक श्री विष्णुदत्त शर्मा, सहायक शिक्षक श्रीमती कल्पना गौतम, सहायक शिक्षक श्रीमती संध्या शर्मा, सहायक शिक्षक निधि गौड़ बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बच्चों को अध्यापन कक्षों के बाहर खुले मैदान में



पढ़ाए जाने पर शिक्षकों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में बच्चों को अध्यापन कक्षों में ही पढ़ायें। उन्होंने शाला प्रांगण टाकोली में हैण्डपम्प का व्यर्थ में बह रहे पानी को रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिंहपुर के अवलोकन के दौरान 8 बच्चे उपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षक श्री मदन सिंह अनुपस्थित पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई करने और अतिथि शिक्षक श्री प्रदीप शर्मा की सेवा समाप्त करने तथा संकुल प्राचार्य डबका को नोटिस देने के भी निर्देश दिए। शासकीय माध्यमिक विद्यालय गिजोरी डबरा के शिक्षक श्री प्रदीप मिश्रा की दो वेतन वृद्धि रोकने के नोटिस देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कक्षा-6वीं के छात्र अभिषेक से गणित के सवाल तथा अंग्रेजी एवं हिंदी में नाम लिखने और 13 का पहाड़ा सही सुनाने पर सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र गिजौर्रा के निरीक्षण के दौरान श्रीमती उमा पत्नी सुनील को एवं श्रीमती सुमन को प्रसूति सहायता योजना का लाभ न मिलने पर पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को नाश्ता एमडीएम समूह द्वारा न देने पर समूह को पृथक करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चौधरी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय चकउबरासी के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राएं गणवेश न पहनने और अध्ययन कक्षों के बाहर अध्ययन करते पाए जाने पर शिक्षक श्री सुरेन्द्र राम भगत, शिक्षक श्री प्रीतम सिंह कुशवाह की दो - दो वेतन वृद्धि रोकने एवं बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर शिक्षिका श्रीमती रेखा नरवरिया को निलंबिन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जतारा मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता श्रीमती रेखा जाटव अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई करने और शासकीय माध्यमिक विद्यालय इकहरा डबरा के शिक्षक राजकिशोर धाकड़ द्वारा सामाजिक विज्ञान से संबंधित सामान्य जानकारी के प्रश्नों के सही जवाब न देने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय लखनौती का निरीक्षण कर बच्चों से हिंदी एवं संस्कृत भाषा के अध्ययन के संबंध में शिक्षिका से जानकारी ली और आंगनबाड़ी केन्द्र प्रांगण में सहजने के पौधे लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय हाईस्कूल भगेह का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन एवं रसोई घर तथा भण्डार कक्ष का भी अवलोकन किया।

# सूर्या फाउंडेशन खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवा कर रहा है विकास : नाथू सिंह जी गुर्जर

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**मालनपुर** / सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के तहत देश के 18 राज्यों में चल रहे टूर्नामेंट कार्यक्रम के तहत मालनपुर क्षेत्र में सात दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मालनपुर के आसपास के सात गांव मालनपुर, खुमानकापुरा, सिंघवारी, हरिराम का पुरा, तिलोरी, बरेठा, टूडीला में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, सूर्य नमस्कार, दौड़, खो-खो, कुर्सी दौड़, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे वॉलीबॉल विजेता टूड़ीला, व क्रिकेट में हरिराम का पूरा विजेता रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को 12 जनवरी युवा दिवस पर मालनपुर में टूर्नामेंट समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष श्री नाथू सिंह गुर्जर जी ने भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया । कार्यक्रम में 7 गांव के भैया बहनों द्वारा संस्कृतिक



कार्यक्रम का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सभी गांव की विजेता टीम को सील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान श्री नाथूसिंह जी ने बताया आज के युवा ही कल का भारत है, खेल से ही युवा फिट रहते है।अगर युवा फिट रहेंगे तो इंडिया भी फिट रहेगा।खेल से ही युवाओ का विकास हो सकता है खेल युवाओ को नई दिशा दिखाता है। कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन दिल्ली से आये अतिथि श्री अभिनव ठाकुर जी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से सम्बंधित प्रेरणा कहानी के माध्यम से युवा को नशे से दूर रहने को बताया,इस अवसर पर क्ष्क्ष्क्ष्क जिला मंत्री श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा जी, मालनपुर मंडल अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गौड़ जी, सूर्य फाउंडेशन क्षेत्र प्रमुख श्री शिव राजवाड़े जी, दिनेश जी ,नरेन्द्र जी व बड़ी संख्या में युवा व ग्रामीण मौजूद रहे।




## जय किसान फसल ऋण माफी योजना

# आवेदन करने से शेष रहे किसानों को लाभान्वित किया जायेगा

**ग्वालियर।** जय किसान फसल ऋण माफी योजना में आवेदन करने से शेष रहे कृषकों को लाभान्वित किया जायेगा। ऋणी कृषकों से गुलाबी आवेदन पत्र पिंक-1 में आवेदन संबंधित विकासखण्ड जनपद पंचायत कार्यालय में 15 जनवरी से 31 जनवरी 2020 तक प्राप्त किए जायेंगे। योजनांतर्गत ऋणी कृषक जिनका 31 मार्च 2018 की स्थिति में सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक के दो लाख रूपए तक के चालू, आपातकालीन ऋणी खातों में बकाया राशि थी एवं तत्समय आवेदन नहीं कर सके थे। ऐसे कृषकों द्वारा योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त किए जाकर ऋण माफी का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है।

उप संचालक कृषि श्री आनंद बड़ोनिया ने बताया कि जय किसान फसल ऋण माफी योजना में आवेदन करने से शेष रहे कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई 15 जनवरी से की जा रही है। विकासखण्ड में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत योजना के क्रियान्व्यन के लिए जिम्मेदार बनाए गए हैं। जनपद में प्राप्त आवेदनों की संख्या प्रतिदिन संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास को प्रेषित की जायेगी। जनपद पंचायत कार्यालयों में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अनुसार डाटा एंट्री का कार्य पोर्टल पर एक फरवरी से 10 फरवरी के मध्य किया जायेगा। जनपद पंचायतों में नियत शासकीय सेवकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्रों से पोर्टल पर एंट्री का सत्यापन करने के उपरांत ही पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जायेगी।

उन्होंने बताया कि गुलाबी आवेदन पत्रों को जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित बैंक शाखा समिति को प्रेषित किया जायेगा। संबंधित बैंक शाखा समिति परीक्षण उपरांत

**आवेदन पत्र 15 जनवरी से 31 जनवरी तक प्राप्त किए जायेंगे**

निराकरण पात्रता एवं अपात्रता की स्थिति करेगी। ऋणी कृषकों के आवेदन का आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। बैंकों द्वारा निराकृत किए जाने के उपरांत अपने लॉग-इन आईडी पर विवरण अंकित किया जायेगा। इसके पश्चात प्रकरण अनुमोदन हेतु कलेक्टर को भेजे जायेंगे। कलेक्टर के लॉगइन आईडी पर प्राप्त होने पर कलेक्टर द्वारा उपरोक्त प्रकरणों का परीक्षण कर बैंकों के प्रस्ताव को अनुमोदित कर सबमिट किया जायेगा। प्रकरणों में दो नए मापदण्ड शामिल किए गए हैं। जिसमें दो लाख रूपए से ऊपर की ऋण राशि न हो एवं एक आधार नम्बर पर एक ही ऋण माफी के प्रकरण की स्वीकृति की जायेगी। उप संचालक कृषि श्री आनंद बडोनिया ने जय किसान फसल ऋण माफी योजना में आवेदन करने से शेष रहे कृषकों से योजनांतर्गत आवेदन करने की अपील की है। इसके साथ ही योजना से संबंधित कोई जानकारी चाहें तो कृषि कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## पूर्व सैनिक दिवस समारोह आज

**ग्वालियर।** भूतपूर्व सैनिकों द्वारा देश की सुरक्षा में किए गए त्याग, बलिदान एवं उनकी सेवाओं के सम्मान के लिए 14 जनवरी को पूर्व सैनिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूर्व सैनिक दिवस की चौथी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा बाज सिनेमा मुरार कैन्ट में पूर्व सैनिक सम्मान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्वालियर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों के सहायतार्थ एवं सेना संबंधी शिकायत निवारण हेतु विभिन्न सहायता स्टॉल लगाकर उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी भी शिविर में उपस्थित होकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि जनरल श्री अशोक सिंह (सेवानिवृत्त) होंगे तथा अध्यक्षता ब्रिगेडियर श्री सुशीम विश्वास स्टेशन कमांडेंट करेंगे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी पूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा आश्रितों से आग्रह किया है कि 14 जनवरी को पूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हों तथा उनकी समस्याओं का निराकरण भी कराएं।

## स्वास्थ्य शिविरों का लाभ आदिवासी बाहुल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी मिले - मंत्री श्री यादव

**ग्वालियर।** पशुपालन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री लाखन सिंह यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरई विकासखण्ड घाटीगाँव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान भारत स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 416 रोगियों की जाँच परीक्षण कर 22 रोगियों में विभिन्न बीमारियों के लक्षण पाए जाने पर जिला मुख्यालय रेफर किया गया। साथ ही 50 मरीजों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। मंत्री श्री यादव ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बरई क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण शिविर का लाभ अधिक से अधिक क्षेत्रीय जनता तक पहुँचे। इस प्रकार के शिविरों का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जानकारी दी जाए। श्री यादव ने कहा कि शिविर में जो गंभीर मरीज आए हैं उनका परीक्षण कर निरंतर फोलोअप भी हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्षय रोगों के मरीजों के परीक्षण एवं उपचार हेतु भी शिविर आयोजित करें। पाए जाने वाले मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था की जाए। शिविर में श्री भीकम सिंह यादव, श्री बदन सिंह कौरव, श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, श्री अतर सिंह यादव, श्री दर्शन सिंह जनपद अध्यक्ष घाटीगाँव, चांद खां, विजय पटेल, सरनाम सिंह कौरव, राजेश रावत, अनुविभागीय अधिकारी घाटीगाँव श्री यूसुफ कुरेंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मृदुल सक्सेना, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमरीश गुप्ता आदि उपस्थित थे ।




## एंटी माफिया अभियानः 25 करोड़ की जमीन मुक्त



ग्वालियर। जिला प्रशासन ने अपनी एंटी माफिया मुहिम के तहत आज सिरौल क्षेत्र में लगभग 6 बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई। इस जमीन की अनुमानित कीमत ही 25 करोड़ के आसपास हैं। आज के अभियान में बोस्टन कॉलेज की बाउण्ड्रीवॉल तोड़कर एक रास्ता भी खाली कराया गया, जो उन्होंने दबा रखा था। इसके साथ ही दबाये गये नाले की मार्किंग कर उन्हें नाला मुक्त करने की हिदायत भी दी गई। आज के एंटी माफिया अभियान के तहत एसडीएम अनिल बनवारिया ने सिरौल में कार्रवाई की। बनवारिया ने 6 जेसीबी मशीनें के साथ अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। उनके साथ तहसीलदार शिवानी पांडे, आरआई होतम सिंह, शिवदयाल, थाना प्रभारी सिरौल, निगम का मदाखलत दस्ता, पुलिस बल भी मौजूद था। कार्रवाई की शुरूआत सिरौल के सर्वे क्रमांक 87/525, 87/526, 88, 89, 90 में की गई। जहां 5 बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। शुरू में कुछ लोगों ने विरोध करने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस बल के कारण कोई बोल नहीं सका। इसके साथ ही बोस्टन कॉलेज द्वारा अतिक्रमण किये गये रास्ते को मुक्त कराकर वहां 4 बीघा में लगी चना, गेहूं की फसल को भी नष्ट कराया गया। यह अतिक्रमण अखिलेश पुत्र परसराम, रामनाथ पुत्र बीरबल सिंह, जसवंत सिंह पुत्र गब्बर सिंह ने कर रखा था। एसडीएम बनवारिया ने बताया कि आज मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 25 करोड़ से भी अधिक हैं। इस अभियान के तहत बोस्टन कॉलेज की अतिक्रमित बाउण्ड्री भी तोड़ी गई व नाले की जमीनें चिन्हित कर उसे खाली करने को कहा गया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478